


सांध्य दैनिक
# 4PM




सबसे बड़ा गुरु मंत्र है कभी भी अपने राज दूसरों को मत बताएं, ये आपको बर्बाद कर देगा।

-चाणक्य


मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

• वर्षः 9 • अंकः 266 • पृष्ठः 8 • लखनऊ, शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023



विश्वकप: मोहम्मद शमी के पंजे में... 7 | ईडी की कार्रवाई पर बवाल, विपक्ष... 3 | पीएम के संसदीय क्षेत्र में बेटियां... 2


# जांच एजेंसियों के रेड से सियासत हुई लाल

## ईडी, आईटी की छापेमारी से पूरे देश में बवाल

» केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही मोदी सरकार

» एकसुर में बोले नेता- बीजेपी के इशारे पर काम कर रही ईडी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। ईडी की चुनावी राज्यों में समेत पूरे देश हो रही छापेमारी पर सियासी संग्राम जारी हो गया है। कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष ने बीजेपी के मोदी सरकार पर विपक्षी नेताओं को जर्बदस्ती परेशान करने का आरोप लगाया है। चुनावी समर में राजनीतिक दलों की एक-दूसरे पर टीका-टिप्पणी और अपनों की है बगावत का शोर तो जमकर सुनाई दिया।

इस बीच प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी भी लगातार सुर्खियों बटोर रही है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार आरोप लगाती रही कि केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। राजस्थान के 25 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की है। बता दें कि राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के तहत वोटिंग होनी है। जबकि वोटों की गिनती 3 दिसंबर होगी। राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना भी चुनाव होने हैं।




### महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के करीबी रवींद्र वायकर पर दर्ज हुआ मामला

महाराष्ट्र में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर उद्धव ठाकरे के करीबी और यूबीटी शिवसेना के नेता रवींद्र वायकर आ गये हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने बीएमसी के साथ समझौते का उल्लंघन कर मुंबई के जोगेश्वरी में एक लग्जरी होटल के निर्माण के संबंध में शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी वायरकर समेत अन्य आरोपियों को पूछताछ के लिए समन जारी कर सकती है, अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने रवींद्र वायकर से मामले से संबंधित सभी दस्तावेज और बयान ले लिये हैं, ये वो बयान हैं जो उन्होंने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को दिए थे।

### राजस्थान में 25 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी

मिल रही जानकारी के अनुसार ये छापेमारी कथित जल जीवन मिशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस के सिलसिले में की जा रही है। जांच एजेंसी ने जयपुर और दौसा में 25 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। ईडी ने जिन अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की है उनमें पीएचई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के घर भी शामिल हैं। ईडी अधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत घोटाले से जुड़े अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की भी जांच कर रहे हैं। ईडी ने इससे पहले सितंबर में भी इसी तरह से रेड किया था।

### भगोड़ों को नहीं पकड़ रही ईडी, बस विपक्षी नेताओं पर टारगेट : गहलोत

उधर सीएम अशोक गहलोत का कहना है कि इन भगोड़े आर्थिक अपराधियों की तरफ एजेंसियों का ध्यान ही नहीं जा रहा है, बल्कि उनका ध्यान राजनीतिक दलों की तरफ है, ये एजेंसिया बिना किसी मामले के राजनीतिक दलों के नेताओं के घर पहुंच रही हैं, हमारे अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के घर पर भी ये टीम बिना किसी केस के गई थी। गहलोत ने कहा कि उनके बेटे वैभव गहलोत को भी बिना किसी मामले के समन भेज दिया गया। इस तरह की कार्रवाई से इन केंद्रीय एजेंसियों की साख को नुकसान पहुंच रहा है और इनकी विश्वसनीयता कम हो रही है, हम चाहते हैं ये एजेंसियां मजबूत रहें ताकि वित्तीय अनिमियता करने वालों में इनका भय रहे, लेकिन अब एजेंसियों के लिए वो प्रियॉरिटी ही नहीं बचे है।

### तमिलनाडु के मंत्री वेलु के परिसरों पर आईटी ने की छानबीन

चेन्नई समेत राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तलाशी ली जा रही है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता वेलु अभी एम के स्टालिन नीत मंत्रिमंडल में लोक निर्माण मंत्री हैं। आयकर अधिकारियों ने तमिलनाडु के मंत्री ई वी वेलु से जुड़े कई स्थानों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने विस्तृत जानकारी दिए बगैर बताया कि चेन्नई समेत राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तलाशी ली जा रही है।

## मुस्लिम पक्ष की चुनौती को 'सुप्रीम' झटका

# ज्ञानवापी मामला : शीर्ष अदालत ने खारिज की मांग

» सिंगल जज बेंच से केस ट्रांसफर किए जाने का हाईकोर्ट का फैसला रखा बरकरार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। वाराणसी में ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर द्वारा सिंगल जज बेंच से केस ट्रांसफर किए जाने का फैसला बरकरार रहेगा। मुस्लिम पक्ष द्वारा दी गई चुनौती को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के अधिकारक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। मुख्य न्यायाधीश को फैसला लेने दीजिए। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि सिस्टम का मजाक उड़ाया जा रहा है। दूसरी बेंच में सुनवाई का किसी पक्ष ने ऐतराज नहीं जताया था। सुनवाई पूरी हो गई फैसला सुरक्षित हो गया।

# आईआईटी बीएचयू में छात्रों का प्रदर्शन जारी

» परिसर में छात्रा से छेड़खानी का मामला

» पढ़ाई-शोध ठप, शिक्षकों को बंधक बनाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू परिसर में छात्रा से अश्लीलता से नाराज छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन आज भी जारी रहा। छात्र सड़क पर उतर आए। पठन-पाठन और शोध का काम ठप कर दिया। सुबह दस बजे से देर रात तक धरना-प्रदर्शन करते रहे। इस बीच छात्रों से बात करने पहुंचे निदेशक प्रो पीके जैन और कई शिक्षकों को जिमखाना क्लब मैदान में बंधक बना लिया गया।

मैदान के बाहर निकलने का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। इस बीच पुलिस मूक दर्शक बनी रही। छात्र सुरक्षा और व्यवस्था पर लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े थे। बताया जा रहा है कि आईआईटी बीएचयू के इतिहास में इतना बड़ा प्रदर्शन नहीं हुआ था। यह पहला मौका है जब एक हजार से ज्यादा छात्र सड़क पर उतर आए। गौरतलब हो कि आईआईटी परिसर में कर्मनवीर बाबा मंदिर के पास बुधवार आधी रात करीब 1.30 बजे छात्रा से अश्लीलता से छात्र-छात्राएं गुस्से में हैं। घटना की जानकारी होने के बाद आईआईटी स्टूडेंट पार्लियामेंट ने रात में ही एक सर्कुलर जारी कर बृहस्पतिवार सुबह विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।



### बंद किया गया इंटरनेट


छात्रा के साथ घटना के बाद छात्रों के विरोध को देखते हुए आईआईटी परिसर में इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई। आईआईटी बीएचयू प्रशासन का उद्देश्य यह था कि प्रदर्शन को ज्यादा विस्तार न मिल सके। विरोध प्रदर्शन का फोटो, वीडियो भी सोशल मीडिया पर न डाला जा सके। इसकी जानकारी छात्रों को तब हुई, जब वह इंटरनेट का प्रयोग करने का प्रयास कर रहे थे।

# पीएम के संसदीय क्षेत्र में बेटियां असुरक्षित

## » बीएचयू में छात्रा से छेड़खानी को लेकर सरकार पर बरसे कांग्रेस अध्यक्ष

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने बनारस हिंदू विश्वविद्याय के आईटी फैकल्टी में छात्रा के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में बेटियां सुरक्षित नहीं है। बीएचयू की घटना ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के नारे की हकीकत सामने ला दी है। जारी बयान में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि गन प्वाइंट पर मोटरसाइकिल सवार अराजक तत्वों ने बेटी के साथ अभद्रता की। किसी तरह वह जान बचाकर भाग पाई। घटना के विरोध में छात्र -छात्राएं आंदोलनरत हैं, लेकिन अभी तक आरोपियों को पकड़ा नहीं जा सका है। बीएचयू कैंपस की इस घटना ने हर अभिभावक के मन में सिहरन पैदा कर दी है।



## स्थिति स्पष्ट करें अखिलेश : शाहनवाज

वे अपनी बेटियों को विश्वविद्यालयों में कैसे भेजेंगे? इस घटना से देश ही नहीं दुनिया में बीएचयू का नाम खराब हुआ है। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अमित शाह के उस बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, जिसमें उन्होंने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश में सपा और बसपा प्रत्याशियों को मदद करने का निर्देश भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया है। शाहनवाज आलम ने कहा कि सपा इंडिया गठबंधन की अहम हिस्सा है। अगर अमित शाह अपने कार्यकर्ताओं को ऐसे निर्देश दे रहे हैं तो उत्तर प्रदेश के इंडिया समर्थक तबकों खास कर मुसलमानों में सपा को लेकर नाराजगी बढ़ेगी। ऐसे में अखिलेश यादव स्थिति स्पष्ट करें।

### कांग्रेस ने सभी लोस की 80 सीटों पर शुरू की तैयारी

कांग्रेस ने प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर तैयारी तेज कर दी है। सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे बूथ कमेटियों को सक्रिय करें। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय से लोकसभा क्षेत्रवार प्रभारी भी घोषित किए जाएंगे। वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि प्रदेश की सभी सीटों पर दमदारी से चुनाव लड़ने की तैयारी है। बूथ स्तर तक संगठन खड़ा कर चुके हैं। बूथ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जल्द ही ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकें शुरू की जाएंगी। पहली श्रेणी की सीटों में रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, फूलपुर, धौरहरा, पीलीभीत, उन्नाव, फर्रुखाबाद, बांदा, झांसी, सहारनपुर, मुरादाबाद, नगीना, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, फतेहपुर, घोसी, जौनपुर, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, गोंडा, डुमरियागंज, महराजंगज, सलेमपुर, चंदौली, राबर्टसगंज शामिल हैं। इन सीटों पर बूथवार तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। पार्टी की ओर से चलाए जा रहे अभियान भी इन सीटों पर विशेष तौर पर फोकस किए गए हैं।

## सपा के पूर्व सांसद रवि थामेंगे कांग्रेस का हाथ

सपा के राष्ट्रीय महासचिव और कई बार सांसद रहे रवि प्रकाश वर्मा जल्द कांग्रेस का हाथ थामेंगे। वर्मा का फैसला लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी सपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसका सीधा असर लखीमपुर समेत आसपास के करीब आधा दर्जन लोकसभा सीटों पर पड़ सकता है। वर्मा खीरी सीट से तीन बार लोकसभा व एक बार राज्यसभा सदस्य रहे हैं। लखीमपुर खीरी के गोला निवासी वर्मा सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। माता-पिता समेत वर्मा का परिवार खीरी लोकसभा क्षेत्र का 10 बार प्रतिनिधित्व कर चुका है। 2019 में सपा ने महागठबंधन के तहत लोकसभा का पहला टिकट उनकी बेटी पूर्वी वर्मा को दिया था। हालांकि वह चुनाव हार गई थीं। पिछले काफी दिन से वर्मा ने सपा से दूरी बना ली थी। सूत्रों का कहना है कि वह छह नवंबर को कांग्रेस में शामिल होंगे। सपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा का कांग्रेस में जाना सपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उनके जरिए प्रदेश में कुर्मी वोटबैंक को साधने की कोशिश में जुटी है। रवि प्रकाश के बाद कुर्मी बिरादरी के कई अन्य नेता भी कांग्रेस का रुख करेंगे। रवि प्रकाश की पहचान दिग्गज कुर्मी नेताओं में होती है। उनके कांग्रेस के पाले में आने से खीरी ही नहीं बल्कि धौरहरा, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर बाराबंकी आदि लोकसभा क्षेत्रों पर भी असर पड़ेगा। इन लोकसभा क्षेत्रों की अलग-अलग विधानसभा सीटों में कुर्मी समाज निर्णायक भूमिका में हैं। अकेले खीरी में पिछड़े वर्ग की करीब 35 प्रतिशत आबादी में कुर्मी की संख्या सर्वाधिक है। गोला निवासी रवि प्रकाश वर्मा तीन बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा सदस्य रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रवि प्रकाश वर्मा के पिता बाल गोविंद वर्मा लखीमपुरखीरी लोकसभा क्षेत्र से 1962 से 1971 और फिर 1980 में सांसद चुने गए। कुछ दिन बाद उनकी मौत हो गई तो उपचुनाव हुआ, जिसमें रवि प्रकाश की माता उषा वर्मा सांसद चुनी गईं। इसके बाद वह 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। रवि प्रकाश 1998 से 2009 तक सपा सांसद रहे। इसके बाद 2014 से 2020 तक राज्य सभा सदस्य रहे। बताया जाता है कि सपा की ओर से गोला गोकर्णनाथ में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान ही रवि प्रकाश की नाराजगी दिखी थी। पहले दिन वह सम्मेलन में नजर नहीं आए थे। सूत्रों का कहना है कि अगले दिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें फोन किया तो वह सम्मेलन में पहुंचे। इसी तरह अन्य कार्यक्रमों से भी वह दूरी बना लिए थे।



# मोदी जी हैं देश के सबसे बड़े कलाकर : तेजस्वी यादव

## » बोले- बिहार की नकल कर बांट रहे नियुक्ति पत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जाने के बाद भारतीय कॉम्युनिस्ट पार्टी की विराट रैली के मंच पर लालू यादव के छोटे बेटे और राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश से विदेश तक असफल बताया। उन्हें देश का सबसे बड़ा कलाकार कहा। उन्होंने कहा कि हमारी महागठबंधन सरकार ने बेरोजगारी हटाते हुए नियुक्ति पत्र बांटना शुरू किया तो देश के सबसे बड़े कलाकार ने देखादेखी करते हुए नियुक्ति पत्र बांटना शुरू कर दिया। उन्होंने जातीय जनगणना को वैज्ञानिक बताया और गरीब-पिछड़ों से एकजुट रहने का आह्वान किया।

तेजस्वी ने कहा कि केंद्र सरकार गठबंधन के सरकार के द्वारा दिए जा रहे नौकरियों से घबराकर अपना एजेंडा बदल दी है। अब हिंदू मुस्लिम के बजाय केंद्र सरकार भी जनता को रिझाने के लिए नौकरियों के लुभाने वादे कर रही है। तेजस्वी ने केजरीवाल मामले पर बोलते हुए कहा कि इस देश में जो भी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगा, सरकार उसके पीछे ईडी और सीबीआई लगा देगी।



# प्रदूषण रोक मुहिम को कुचलना चाहती है बीजेपी

## » रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ कैंपेन में दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिए दो विधायक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए शुरू किए गए रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान में शामिल हुए विधायकों और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। आम आदमी पार्टी (आप) का आरोप है कि पुलिस ने विधायक जरनैल सिंह और हाजी यूनुस समेत पार्टी के कई समर्थकों को हिरासत में लेकर अभियान में बाधा डाला। आप के प्रदूषण रोकने के प्रयास को भाजपा पुलिस की मदद से कुचल रही है। इस अभियान के तहत लोगों को लाल बत्ती पर गाड़ी बंद करने का सुझाव दिया जाता है।

आप ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आप के प्रदूषण पर लगाम लागने के लिए चलाए जा रहे अभियान को भाजपा पुलिस की मदद से रोक रही है। मुस्तफाबाद से विधायक यूनुस ने कहा कि पुलिस ने उन्हें गोकलपुरी चौराहे से हिरासत में लिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, प्रदूषण के विरुद्ध रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ मुहिम को रोक कर दिल्ली पुलिस ने गोकलपुरी गोल चक्कर से हिरासत में लिया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने राज्य सरकार के अभियान को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस का सहारा लिया है।



### छापामारी सिर्फ लोगों को परेशान करने का बहाना : मंत्री आनंद

दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद के घर ईडी की रेड खत्म हो गई है। रेड के बाद मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि छापामारी सिर्फ लोगों को परेशान करने का एक बहाना है। उन्हें (ईडी) तलाशी के दौरान कुछ नहीं मिला। उन्हें ऊपर से आदेश मिला है...मुझे लगता है कि इस देश में सच बोलना और गरीबों के लिए राजनीति करना पाप है। प्रवर्तन निदेशालय ने कल छापा मारा था। शराब घोटाले के सिलसिले में ईडी ने कल दिल्लीके मुख्यमंत्री को भी पूछताछ के लिए बुलाया था पर वे नहीं गये थे। केजरीवाल ने ईडी के समन के अनुचित बताया था और मध्यप्रदेश में रैली करने चले गये थे। कल सवेरे ही ईडी ने दिल्ली के मंत्री आनंद के घर छापा मारा था। बताया जा रहा है कि राजकुमार आनंद के घर पर छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। राजकुमार आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री हैं। शराब घोटाले व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप के तीन नेता गिरफ्तार होने के बाद जेल में हैं। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

# एथिक्स कमेटी ने मेरा अपमान किया : महुआ

## » बोलीं- भाजपा सांसद सोनकर ने पूछे बेहद निजी सवाल

## » बीजेपी की महिला सांसदों पर बरसीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। संसद में सवाल पूछने के लिए घूस लेने के आरोपों में घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कमेटी के जांच के तरीके पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गुरुवार (2 नवंबर) को संसद की एथिक्स कमेटी के सामने उनसे पूछताछ में बेहद निजी सवाल पूछकर उनका अपमान किया गया। इस पूछताछ की तुलना उन्होंने महाभारत में द्रौपदी के चीर हरण से की है और कहा है कि निजी सवालों के बावजूद एथिक्स कमेटी में शामिल बीजेपी की महिला सांसदों ने एक शब्द नहीं कहा।

पूछताछ से बाहर निकलने के तुरंत बाद उन्होंने कहा, कि एथिक्स कमेटी ने अपने सवालों के जरिए मेरा वस्त्र हरण किया।मैं धन्यवाद देना चाहती हूं बीजेपी की महिला सांसदों को जो वहां मौजूद थीं और यह सब सुनते हुए भी एक शब्द नहीं बोलीं। हालांकि इस संबंध में भी महुआ ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस पर घूस देने का आरोप है उस कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को एथिक्स कमेटी के सामने पूछताछ के लिए क्यों नहीं बुलाया गया? उन्होंने कहा, अगर समिति निष्पक्ष होती, तो क्या वह मुख्य व्यक्ति को नहीं बुलाती? दर्शन रिश्वत देने वाला है... वह संसद और एथिक्स कमेटी के प्रति जवाबदेह है. आप दर्शन को क्यों नहीं बुलाएंगे? आपको बता दें कि महुआ मोइत्रा के पूर्व पार्टनर और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्रइ ने मोइत्रा पर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इस संबंध में जांच के लिए उन्होंने सीबीआई के महानिदेशक को पत्र भेजा था, जिसके साथ उन्होंने कई साक्ष्य शामिल किए थे। देहाद्रइ की शिकायत के आधार पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाया कि हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी से कैश और महंगे तोहफो को लेकर संसद में सवाल पूछती हैं।



### सारंगी और दुग्गल भी है कमेटी में

तृणमूल सांसद महुआ ने एथिक्स कमेटी में शामिल दो महिला भाजपा सांसदों-अपराजिता सारंगी और सुनीता दुग्गल पर निशाना साधा। महुआ ने कहा, मैं इन दोनों की आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर व्यक्तिगत हमले का समर्थन खामोश रहकर किया। एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष बीजेपी सांसद विनोद सोनकर की ओर से कथित तौर पर निजी सवाल पूछे जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जब मुझसे ऐसे सवालों की बौछार हो रही थी तब वहां दो भाजपा महिला सांसद थीं, अपराजिता सारंगी और सुनीता दुग्गल जी। उनमें से किसी ने भी एक शब्द नहीं कहा।

### महुआ ने किया असभ्य बर्ताव : सारंगी

हालांकि महुआ मोइत्रा से सवाल-जवाब समाप्त होने के तुरंत बाद, भुवनेश्वर से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, जब हीरानंदानी के हलफनामे के बारे में सवाल पूछे गए, तो महुआ मोइत्रा उग्र हो गईं। वह बहुत आक्रामक, असभ्य, डिफेंसिव और अहंकारी बर्ताव कर रही थीं। महुआ मोइत्रा ने वहां असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया।



# ईडी की कार्रवाई पर बवाल, विपक्ष बोला बीजेपी की चाल

## नोटिस पर केजरीवाल ने उठाया सवाल

- » पत्र लिखकर पूछा- गवाह हूं या संदिग्ध
- » पेश होने से किया इंकार, मप्र रैली में गए सीएम
- » मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी आप
- » कांग्रेस, राजद ने भी किया पलटवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




नई दिल्ली। इडी की नोटिस व कार्रवाई पर सियासी बवाल मचा हुआ है। आप, टीएमसी, राजद से लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घरेते हुए कहा है कि इडी बीजेपी के इशारे पर ये सब कर रही है। वही नोटिस पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को अपनी चाल में फंसा लिया है। सीएम केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह नोटिस भाजपा इशारे पर दिया गया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में प्रचार न कर सकें। इस बीच केजरीवाल की गिरफ्तारी की चर्चाओं से दिल्ली की सियासत गर्मा गई है। सियासी चर्चाओं में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं कि इससे दिल्ली की आप सरकार पर कोई खतरा होगा। साथ ही केजरीवाल ने जांच एजेंसी से सवाल किया कि, आपने समन में मुझे यह नहीं बताया कि मैं संदिग्ध हूं या गवाह। वही ईडी के सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी केजरीवाल को नया समन जारी कर सकती है।

सरकार दिल्ली में आप की ही रहेगी। यहां सवाल सिर्फ मुख्यमंत्री की गद्दी का है। इसमें भी अभी अव्वल यही माना जा रहा है कि ईडी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं करेगी। लेकिन ऐसा होने की सूरत में भी किसी दूसरे नेता को तुरंत मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। इसके लिए पार्टी अदालती कार्यवाही का रुख देखेगी। जिस तरह दावे के साथ आप नेता पूरे घटनाक्रम को साजिश करार दे रहे हैं, उसमें माना जा रहा है कि अदालत से राहत मिल जाए। लेकिन अगर मामला इसके उलट होता है तो कानूनी प्रावधानों के हिसाब से फैसला लिया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीते सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को पूछताछ के लिए दो नवंबर को तलब किया था। इसके जवाब में गुरुवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह नोटिस राजनीति से प्रेरित है। सीएम केजरीवाल ने कहा है कि ईडी को इस नोटिस को तुरंत वापस लेना चाहिए। केजरीवाल को आज दिन में 11 बजे ईडी के दिल्ली स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने आवास से एयरपोर्ट के लिए निकले। वे मध्य प्रदेश के सिंगरौली में पार्टी के चुनाव अभियान के तहत पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो करेंगे।

## संसद पहुंचीं सांसद महुआ, एथिक्स कमेटी के सामने पेशी



तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों का सामना कर रहीं सांसद महुआ मोइत्रा सदन पहुंची हैं। महुआ मोइत्रा को लोकसभा की आचार समिति ने उनके खिलाफ कैश फॉर क्वैरी मामले में लगे आरोप के सिलसिले में उन्हें आज पेश होने के लिए कहा है। आचार समिति के अध्यक्ष विनोद सोनकर और मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी संसद पहुंच गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 15 अक्टूबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने महुआ पर आरोप लगाए थे कि महुआ ने संसद में सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से पैसे और तोहफे लिए थे। इस मामले को स्पीकर ने एथिक्स कमेटी को भेज दिया। निशिकांत ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा- कुछ पैसे के लिए एक सांसद ने देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया। मैंने इसे लेकर लोकपाल से शिकायत की है।

## चुनाव का समय है पड़ेंगे ही छापे : कमलनाथ



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय के समन भेजे जाने पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज कमलनाथ ने रिएक्शन दिया है। कमलनाथ से सवाल किया गया था कि आम आदमी पार्टी प्रमुख केजरीवाल का कहना है कि उनको भेजे गए समन के जरिए बीजेपी उन्हें चुनावी राज्यों में प्रचार से रोकना चाहती है। इसपर कमलनाथ ने समर्थन भरे लहजे में कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन अगर वो (केजरीवाल) ऐसा कह रहे हैं तो बात सही भी है, क्योंकि चुनाव तो चल ही रहे हैं। कमलनाथ ने चुनावी राज्यों में ईडी की कार्रवाई पर दो टूक कहा कि उन्हें इन छापों का कोई डर नहीं है। उनका कहना है कि हो सकता है कि इडी यहां (मध्य प्रदेश) भी आ सकती है। इसी दौरान आगे की बातचीत में कमलनाथ ने कहा, कि मुझे नहीं पता केजरीवाल ने डी को क्या चिट्ठी लिखी है मगर बात वो ठीक कह रहे हैं कि चुनाव के वक्त उनको समन किया गया है तो हो सकता है प्रचार से रोकने के लिए ही ऐसा किया गया हो।

## कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बेटे पर भी डंडा



प्रवर्तन निदेशालय की ओर से राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के बेटे को नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने कथित पेपर लीक केस को लेकर यह नोटिस जारी किया है। खबरों के मुताबिक पिछले हफ्ते डोटासरा के आवास पर हुई ईडी की छापेमार कार्रवाई में उनके बेटे के खिलाफ कुछ जानकारी मिली है, जिसको लेकर अब पूछताछ के लिए ईडी ने समन जारी किया है। वहीं ईडी के इस एक्शन पर गोविंद सिंह डोटासारा ने एक्स पर सत्यमेव जयते लिखा था। वहीं राजस्थान सीएम अशोक गहलोत ने भी इस मसले पर एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने लिखा था कि राजस्थान की महिलाओं के लिए कांग्रेस की गारंटियां लॉन्च के बाद राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह जी डोटासरा के यहां ईडी की रेड। मेरे बेटे वैभव गहलोत को ईडी में हाजिर होने का समन। इससे अब आप समझ सकते हैं, जो मैं कहता आ रहा हूं कि राजस्थान के अंदर ईडी की रेड रोज़ इसलिए होती है क्योंकि भाजपा ये नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।

## बीजेपी वाले घबराकर डलवा रहे रेड : तेजस्वी



तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने जो कहा था उसको हम लोगों ने मिलकर पूरा किया है। ये तो शुरुआत है, ये सिलसिला रुकेगा नही, इस सवाल पर कि बीजेपी कह रही पैसे लेकर नौकरी दी जा रही है, तंज कसते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि उन पर भगवान का आशीर्वाद रहे, बीजेपी के लोग जो हैं उनको पता होना चाहिए कि दो महीने के अंदर लोगों को नौकरियां मिलीं, विज्ञापन निकला, परीक्षा हुई, रिजल्ट आया, ये प्रक्रिया काफी तेजी से हुई। उपमुख्यमंत्री ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि एक विभाग जो एक दिन में लाखों नियुक्ति पत्र बांट रहा है तो परेशानी तो होगी ही। बीजेपी के लोग परेशान हैं, घबराए हुए हैं,ये सिलसिला चलता रहेगा. हम लोग जो कहते हैं वो करते हैं, वो लोग (बीजेपी) जो कहते हैं वो चुनाव तक ही सीमित रहता है, बीजेपी के लोग 18 साल सरकार में रहे, केंद्र में सरकार रही। डबल इंजन की सरकार में क्यों नहीं हजारों में भी नौकरी दी।

## राजस्थान में रिश्वतखोरी के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय के 2 अधिकारी गिरफ्तार

राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के दो अधिकारियों को कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में अरेस्ट किया गया है। दोनों अधिकारियों ने कथित तौर पर चिटफंड मामले में केस दर्ज करने से रोकने के लिए 17 लाख रुपये की मांग की। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बयान में कहा कि ईडी के दो अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है, एसीबी ने बयान में कहा कि एसीबी की एक टीम ने दो ईडी इंस्पेक्टरों को 17 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा है। एसीबी ईडी के इन इंस्पेक्टरों के परिसरों की तलाशी भी ले रही है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही ईडी राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की थी। ईडी की ये रेड जयपुर, दौसा और सीकर में हुई थी। ईडी को इन नेताओं के खिलाफ पेपर लीक मामले, मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला के जरिए रुपयों के लेनदेन मामलों की गुप्त शिकायतें मिली थी। पिछले दिनों आरपीएससी सदस्य बाबुलाल कटारा से हुई पूछताछ, कुछ कोचिंग संचालकों की ईडी में शिकायतों के बाद यह कार्रवाई हुई थी।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# युद्ध से वैश्विक मानवता होती है शर्मसार

> लोग कहने लगे हैं ये युद्ध मानवता को तो शर्मसार कर ही रहे है साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी तार-तार कर रही है। अब पूरी दुनिया को गंभीरता से इसे रोकने का प्रयास करना होगा। इस बीच, भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने हमास आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए इजराइली हमलों की कड़ी आलोचना की है।

*इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार एक-दूसरे पर रॉकेट दागे जा रहे हैं। इजराइली सेना हमास के आतंकी ठिकानों को तबाह करने में लगा है। वहीं इस युद्ध लेकर हमास व इसराइल दोनों की आलोचना भी हो रही है। लोग कहने लगे हैं ये युद्ध मानवता को तो शर्मसार कर ही रहे है साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी तार-तार कर रही है। अब पूरी दुनिया को गंभीरता से इसे रोकने का प्रयास करना होगा। इस बीच, भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने हमास आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए इजराइली हमलों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इजराइली हमलों को गाजा पर आक्रमण करने और वहां पर कब्जे करने का बहाना बताया है। ईरानी राजदूत इराज इलाही ने गाजा में जमीनी हमला करने को लेकर इजराइल की आलोचना की और कहा कि खुद का बचाव करना नैतिक रूप से सही है। साथ ही इस्राइल को समर्थन देने के लिए अमेरिका पर भी कटाक्ष किया।*

*ईरानी राजदूत ने कहा, 'यहूदियों को बंधकों के जीवन की चिंता नहीं है। हाल ही में यूएनजीए के प्रस्ताव को स्वीकार करके उनका आदान-प्रदान करने के अवसर के बावजूद, उन्होंने इनकार करने का विकल्प चुना। यह स्पष्ट है कि हमास का मुकाबला करना गाजा पर आक्रमण करने और अपनी बस्तियों व कब्जे का विस्तार करने का एक बहाना है।' मानवीय व्यवहार के कारण शुरुआत से ही इस्राइल इस संघर्ष में हारने वाले पक्ष में रहा है। लेकिन फिर भी वह पीछे हटने को तैयार नहीं है। अब्राहम समझौते के बाद, फलस्तीनियों के खिलाफ हर दिन की हिंसा बढ़ गई है। यहूदी शासन ने न केवल फलस्तीनियों का जीना दुश्वार कर दिया है, बल्कि मस्जिद-अल-अक्सा को भी अपवित्र कर दिया है। अमेरिका साथ देकर संघर्ष को और बढ़ावा दे रहा है। ऐसी परिस्थितियों में, आक्रामकता और उत्पीड़न के खिलाफ खुद का बचाव करना न केवल नैतिक रूप से स्वीकार्य है, बल्कि आवश्यक है। इस संबंध में हमास ने जो किया है उसे आत्मरक्षा के रूप में देखा जा सकता है। जो लोग खुद का बचाव कर रहे हैं उनकी हत्या करना बिल्कुल सही विकल्प नहीं है। ईरान सक्रिय रूप से इस क्रूर नरसंहार को समाप्त करने की कोशिश कर रहा है। हमारे अधिकारियों ने अपने समकक्षों के साथ बैठकें की हैं, जिसका उद्देश्य संघर्ष विराम को रोकना या आम लोगों को राहत देना है। हालांकि, हमारे प्रयासों के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका कब्जा करने वालों का समर्थन करके प्रगति में बाधा डाल रहा है। हमारा विश्वास है कि इस संघर्ष का सही समाधान केवल लोकतांत्रिक तरीकों से और फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता देकर ही प्राप्त किया जा सकता है।*

( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )

# जल सहेजने को जागरूकता की प्रेरक पहल

पंकज चतुर्वेदी

कैथन पुरवा, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले का एक गांव। यहां से खबर आई कि गांव वालों ने रेडियो जल क्लब का गठन किया है। इस संस्था के लोग गांव में घर-घर जाकर बता रहे कि सभी को बूंद-बूंद पानी बचाना होगा, तभी भविष्य के लिए पेयजल संरक्षित रह पाएगा। महिलाएं समझ रही हैं कि पेयजल के साथ स्वच्छता सभी के लिए जरूरी है। बच्चे के हाथ भोजन करने के पूर्व तथा शौच के बाद साबुन से धुलें। सभी को शिक्षा के साथ स्वच्छता एवं पेयजल संरक्षित करने में सहयोग देना होगा। इसी तरह लखीमपुर जिले के ग्राम डकिया जोगी की महिलाओं ने 'जल क्लब' बना लिया। क्लब से जुड़ी महिलाएं शपथ ले चुकी हैं कि जल की हर बूंद को सहेजने के लिए काम करेंगे। उत्तर प्रदेश के कई गांव-कस्बों से अब लोग पानी सहेजने के लिए आगे आ रहे हैं। यह असर संचार के एकतरफा संवाद का माध्यम कहे जाने वाले रेडियो पर प्रसारित एक कार्यक्रम 'बूंदों की न टूटे लड़ी' का है।

पानी बचाना जरूरी है। बेपानी हो गए तो देश के प्रगति चक्र की गति मंथर हो जाएगी। यह बात समाज भी समझता है और सरकार भी। प्रयास भी हो रहे हैं लेकिन लोगों तक इस विषय में जागरूकता की किरणें नहीं पहुंची। भले ही सूचना और मनोरंजन के कई आधुनिक साधन उपलब्ध हैं लेकिन आज भी आम आदमी का, दूरदराज आंचलिक आबादी का सहज-सुलभ संचार साधन रेडियो ही है। जब से मोबाइल में इंटरनेट के जरिये रेडियो मिलने लगा है, लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है। इन दिनों आकाशवाणी, लखनऊ पानी की हर बूंद बचाने के लिए 100 दिन की श्रृंखला चलाये हुए है। इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। श्रोता जल बचाने के लिए अपने स्तर पर एकजुट होकर प्रयास कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा- मुझे आकाशवाणी लखनऊ द्वारा जल संरक्षण की अनूठी पहल पर संचालित रेडियो कार्यक्रम 'बूंदों की न टूटे लड़ी' में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। जल है तभी जीवन है। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, मानव समुदाय सभी जल पर निर्भर हैं।

आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र द्वारा जी-20 में भारत की अध्यक्षता के उत्सव स्वरूप विश्वविद्यालयों के युवाओं के साथ यूथ कॉनक्लेव्स का आयोजन किया था जिसमें पर्यावरण और समेकित विकास के विशेष कार्यक्रम हुए। इसी



क्रम में आकाशवाणी लखनऊ ने अपने एफएम चैनल पर एक अभिनव प्रयोग किया— जल के लिए चल। इसके तहत एक दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें अपेक्षा से कई सैकड़ों गुना लोग आए। लोगों के उत्साह को देखते हुए आकाशवाणी की कार्यक्रम अधिकारी मीनू खरे ने एक और अनूठा प्रयोग शुरू कर दिया 'जल संरक्षण के लिए रेडियो तरंगों पर मानव श्रृंखला का निर्माण।' यह अनवरत श्रृंखला 100 दिन तक चल रही है। यह देश की प्रथम ह्यूमन चेन है जो रेडियो तरंगों पर निर्मित हो रही है। इसके अंतर्गत हर दिन किसी ऐसे जल योद्धा से बातचीत की जाती है जिसने जल संरक्षण में क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया हो। इसमें समाज के हर वर्ग के जल योद्धा शामिल हैं-पद्म अलंकारों से विभूषित जल योद्धा, ब्यूरोक्रेट्स, वैज्ञानिक, शिक्षाविद, गीतकार, गायक, अभिनेता, कम्युनिटी लीडर्स, पत्रकार और सामान्य जन आदि। इसमें पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी हीरा लाल, मैग्सेसे अवार्डी राजेंद्र सिंह, पुलिस सेवा के महेंद्र मोदी आदि शामिल हो चुके हैं। यह कार्यक्रम सुबह नौ बजे आता है, जिसमें दस मिनट के विमर्श में 'पानी बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?' पर सवाल-जवाब होते हैं। इस कार्यक्रम से कई ऐसे लोग सामने आये जो असाधारण काम कर रहे हैं। मडियाओन की एच फातिमा ने एलएमसी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले नल के पानी की गुणवत्ता के मुद्दों की खोज के बाद स्वच्छ पानी के लिए रैली की थी। इसके बाद न केवल समुदाय को साफ पानी उपलब्ध हुआ, बल्कि पाइपलाइन लीक मरम्मत कर पानी की बर्बादी भी रोकी गई।

यह सुखद है कि आवाज की दुनिया चेहरे को नहीं, बल्कि कार्य को प्रस्तुत कर रही है और इससे जल को लेकर आम लोगों की सोच में बदलाव आ रहा है। लोग जान रहे हैं कि जल का स्रोत केवल बरसात है या फिर ग्लेशियर। नदी, समुद्र, तालाब, कुआं-बावड़ी जल के स्रोत नहीं बल्कि प्रकृति से मिले जल को सहेजने के खजाने हैं। यह रेडियो विमर्श लोगों को याद दिला रहा है कि प्रकृति पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। जरूरी है कि विरासत में हमें जल को सहेजने के जो साधन मिले हैं उनको जीवंत रखें। आकाशवाणी की यह मुहिम और इसे मिल रहा सकारात्मक प्रतिसाद अन्य एफएम रेडियो और टीवी चैनलों के लिए प्रेरणा है।

# अलग राजधानी से मिलेगी विकास को नई गति

एम.एस. चोपड़ा



**किसी राज्य की सांस्कृतिक पहचान में उससे जुड़ी हुई यादें, अनुभव, रिश्ते, मूल्य, साझा इतिहास, विशेषताएं और आपसी विश्वास शामिल होते हैं, जो स्थानीय लोगों को विशिष्ट बनाते हैं। इस पहचान से भाईचारे,एकता और देश प्रेम की भावना पैदा होती है,जो हर क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां देती है। हरियाणा हमेशा से ही पूर्ण राजनीतिक या प्रशासनिक श्रेणी का ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राज्य रहा है। लेकिन आज भी इसे अपनी राजधानी व उच्च न्यायालय नहीं मिल सका है।**

वर्ष 1955 में पंजाब उच्च न्यायालय भवन का उद्घाटन करते समय तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने पंजाब के लिए एक नयी राजधानी की जरूरत और महत्व की बात की। उन्होंने संतोष जताया कि पंजाब के लोगों ने किसी पुराने शहर को अपनी राजधानी के रूप में नहीं चुना। नेहरू जी का मानना था कि ऐसा करने से पंजाब एक पिछड़ा और अविकसित राज्य बन जाता। यह भी कि नयी राजधानी पंजाब के विकास को रफ्तार देगी। एक नवंबर, 1966 को भाषाई आधार पर हरियाणा नया राज्य बना। यह एक रेतीला भू-भाग था जो आधुनिकता और विकास की अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाया क्योंकि इसके पास अपनी राजधानी और उच्च न्यायालय नहीं है। राजधानी किसी राज्य का सिर्फ प्रशासनिक मुख्यालय ही नहीं होती बल्कि यह राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, आर्थिक समृद्धि और लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व भी करती है। किसी राज्य की सांस्कृतिक पहचान में उससे जुड़ी हुई यादें, अनुभव, रिश्ते, मूल्य, साझा इतिहास, विशेषताएं और आपसी विश्वास शामिल होते हैं, जो स्थानीय लोगों को विशिष्ट बनाते हैं। इस पहचान से भाईचारे,एकता और देश प्रेम की भावना पैदा होती है,जो हर क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां देती है।

हरियाणा हमेशा से ही पूर्ण राजनीतिक या प्रशासनिक श्रेणी का ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राज्य रहा है। लेकिन आज भी इसे अपनी राजधानी व उच्च न्यायालय नहीं मिल सका है। हरियाणा को अपने बड़े भाई पंजाब की तरह ही अपनी अलग और आधुनिक राजधानी की जरूरत है, जिससे सांस्कृतिक पहचान कायम रखते हुए वह अपने आर्थिक विकास को गति दे सके। हरियाणा के राजनीतिक नेतृत्व ने नई राजधानी के दूरगामी असर को समझने में देर की है। राजनैतिक फायदों के लिए उन्होंने नई राजधानी के मुद्दे को पानी व क्षेत्रीय मुद्दों के साथ उलझाया, मुद्दे का सम्मानजनक समाधान खोजने को गंभीर प्रयास नहीं हुए।

दरअसल, कई वजह से हरियाणा को अपनी राजधानी या कम से कम एक कार्यशील राजधानी की जरूरत है। देश के कई राज्यों में दो-दो राजधानियों की व्यवस्था भी है जिससे वहां विकास-रोजगार का दायरा बढ़ने के साथ सरकारी सेवाएं अधिक प्रभावी हो सकें। फिलहाल केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ हरियाणा का प्रशासनिक मुख्यालय है, लेकिन हरियाणा के ज्यादातर इलाकों के निवासियों के लिए यह बहुत दूर है। दूसरे, हरियाणा का अपनी राजधानी पर कोई प्रशासनिक नियंत्रण भी नहीं है, जिससे समय-समय पर कानूनी विवाद या असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

हालांकि, यह शहर राजनेताओं और अधिकारियों के लिए आरामदायक-सुरक्षित और सुखद माहौल देता है, लेकिन दूर-दराज से आने वाले एक आम नागरिक को अपने मामूली प्रशासनिक या न्यायिक कार्यों के लिए यहां आना असुविधाजनक और काफी महंगा है। राजधानी को प्रशासनिक रूप से सुविधाजनक, सांस्कृतिक रूप से सुसंगत और भावनात्मक रूप से सुखद -संतोषजनक होनी चाहिए। हरियाणा के शिक्षित युवा पिछले कुछ सालों से देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। लाचारी-निराशा में ऐसे बहुत युवा नशे के जाल में फंसकर अपराध के दलदल में फंसे हैं। राजनीतिक विसंगति से थक चुकी युवा पीढ़ी सकारात्मक परिवर्तन व विकास चाहती है। आज के युवा नयी राजधानी से पैदा होने वाले नये मौकों का इंतजार कर रहे हैं जिसमें बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ही लाखों करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। इससे राज्य के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। नये शहर की राष्ट्रीय राजधानी से कनेक्टिविटी व निकटता हो और इसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के ज्ञान केंद्र के रूप में तैयार किया जा सकता है। इससे पिछड़े क्षेत्रों में भी विकास बढ़ेगा।

हालांकि, हरियाणा अभी भी मुख्य रूप से कृषि प्रधान राज्य है जहां इसकी आधी से अधिक आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। लेकिन घटती भूमि जोत और अन्य कारणों से किसान, खेत मजदूर और कृषि-कारीगरों की आमदनी कम होती जा रही है। उनके लिए असाधारण उपाय करना बेहद जरूरी है। लक्ष्य को हासिल करने का एकमात्र तरीका हरियाणा को कृषि अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदल कर उसे 'ज्ञान की धुरी' बनाना है। हरियाणा राज्य के विकास के मामले में अपेक्षित लक्ष्य न प्राप्त कर सकने का एक कारण उसका अपनी राजधानी पर प्रशासनिक नियंत्रण का अभाव है। यहां की कई ऐतिहासिक हस्तियों जैसे राजा नाहर सिंह, पं. लखमी चंद, बालमुकुंद गुप्ता, राव तुला राम, चौ. मातु राम, सेठ छाजू राम, डॉ. रामधन सिंह, सर छोटूराम ने हरियाणा के समाज निर्माण में अहम योगदान दिया। सामाजिक सद्भाव व भाईचारे के आदर्शों और प्रतीकों की स्मृतियों को संरक्षित करने,उनके विचारों के प्रसार के लिए चंडीगढ़ में संस्थान तक नहीं बन पाए। आज 57वीं वर्षगांठ मना रहे हरियाणा के गौरवशाली अतीत व पुनरुत्थान हेतु अब अपनी नयी राजधानी जरूरी है।

# सिक्किम की दोस्तों या परिवार संग करें सैर



सिक्किम एक छोटा लेकिन खूबसूरत राज्य है, जो देश के पूर्वी हिमालय में स्थित है। सिक्किम एक बेहद ही सुंदर और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर राज्य है और दोस्तों या परिवार संग घूमने के लिए एक अच्छा स्थल माना जाता है। यह राज्य प्राकृतिक सौंदर्य, बायोडायवर्सिटी, दर्शनीयता और आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जा सकता है। इसके अलावा सिक्किम में कई प्रमुख बौद्धिक और हिन्दू धार्मिक स्थल हैं, जिनके यात्रा के दौरान दर्शन किए जा सकते हैं। गंगटोक शहर पेमायांग्त्से गोंपा और युक्सोम जैसे दर्शनीय स्थल हैं जो पहाड़ों की चोटियों, झीलों, और घने वनस्पति के बीच स्थित हैं। सिक्किम के बाघों का संरक्षण भी महत्वपूर्ण है और पेमायांग्त्से गोंपा में अद्वितीय धार्मिक अनुभव मिलता है। यहां की आदिवासी संस्कृति और परंपरा भी आकर्षक है। सिक्किम वनस्पति और जीवजंतु बियोडाइवर्सिटी के लिए भी प्रसिद्ध है।

## युक्सोम

हर-भरे पहाड़ों से ढका युक्सोम सिक्किम का एक अन्य प्राकृतिक सौंदर्य स्थल है जो खासतौर पर सिक्किम की बाघों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर आप भारतीय बाघों को देख सकते है। यहां कई ऐतिहासिक स्मारक, प्राचीन मठ, झरने और झीलें मौजूद हैं। यहां घूमने के लिए गर्मी का मौसम सबसे बेहतर है।



## घूमने का सही समय

सिक्किम को प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जा सकता है। अक्टूबर से मार्च के बीच सिक्किम घूमने के लिए बेहतर समय होता है। इन महीनों में यहां का मौसम शुष्क और सुहावना होता है और यहां के पहाड़ों के दर्शन का आनंद लिया जा सकता है।

## गंगटोक

गंगटोक सिक्किम की राजधानी है। यहाँ पर घूमने के लिए कांचजुंगा नेशनल पार्क, गंगटोक महाकाली मंदिर, एनची गोंपा, और अच्छे खाने के स्थल हैं। गंगटोक से आप खांचेंजुंगा और हिमालय के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।



## पेमायंग्त्से गोंपा और पेलिंग

यह गोंपा सिक्किम का सबसे प्रसिद्ध गोंपा है और यहां के विचारणीय दर्शन हैं। गोंपा की स्थिति हिमालय की चोटी पर है, और यहां से आपको अद्वितीय पर्वतीय दृश्यमान होता है। सिक्किम के पश्चिम जिले में खूबसूरत शहर पेलिंग बसा है जो गंगटोक के बाद दूसरा बड़ा टूरिस्ट प्लेस है। यहां आप ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग जैसी एक्टिविटीज का लुत्फ उठा सकते हैं।




## कैसे पहुंचे सिक्किम

दिल्ली से सिक्किम 1627 किमी दूर है। सिक्किम जाने के लिए हवाई मार्ग, ट्रेन और बस तीनों का विकल्प मिलता है। सिक्किम की यात्रा के लिए गंगटोक में रेलवे स्टेशन है। रेल मार्ग के जरिए सिक्किम पहुंच सकते हैं। सिक्किम का प्रचलित रेलवे स्टेशन न्यू जलपाईगुड़ी है, यहां आपको कई जगहों से ट्रेन मिल जाएगी। पुडुचेरी एक्सप्रेस से वहां पहुंच सकते हैं। इसके अलावा हवाई जहाज से सिक्किम जाएं तो गंगटोक हवाई अड्डा सबसे करीब है। बागडोगरा व गुवाहाटी भी फ्लाइट से जा सकते हैं। बागडोगरा हवाई अड्डे से आपको देश के अलग अलग जगहों के लिए हवाई सेवा मिल सकती है। गंगटोक या सिक्किम के अन्य शहरों में पहुंचने के बाद आगे की यात्रा स्थानीय परिवहन, टैक्सी आदि से की जा सकती है। सड़क मार्ग से सिक्किम जाना चाहते हैं तो सिलीगुड़ी से बस सुविधा मिल जाएगी। दिल्ली, कोलकाता की बसें भी यहीं पहुंचती है।

## लाचेन

लाचेन यहां का एक छोटा सा गांव है और यह पेमायंग्त्से गोंपा के बगीचे की ओर से जाने के लिए प्रसिद्ध है। यहां पास में हिमालय की चोटी पर एक सुंदर झील है, जिसका नाम गुरूडोंगमर है।

## हंसना मना है



शादी की सालगिरह पर पत्नी को गुलाब देते हुए पति बोला, सालगिरह मुबारक हो! पत्नी- यह नहीं मुझे कोई सोने की चीज चाहिए। पति- ओ, यह लो तकिया और आराम से सो जाओ।

टीचर- बस के ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क है? स्टुडेंट- कंडक्टर सोया तो किसिका टिकट नही कटेगा, ड्राइवर सोया तो सबका टिकट कट जायेगा।

लड़का- डिअर मेरी आंखों में देखो, तुम्हें क्या दिख रहा है? मुझे जल्दी से बताओ!' लड़की -'सच्चा प्यार' लड़का -सच्चा प्यार की बच्ची कचरा गया है जल्दी फूंक मार।

आज फिर एक सरदार ने कमाल कर दिया, एक सरदार बैंक में आकर सो गया, जानते हो क्यों? बैंक के बोर्ड पे लिखा था, सोने पे लोन मिलेगा।

आपने कभी सोचा है, की पति और चाय की पत्ति में क्या समानता है? दोनों के नसीब में जलना और उबालना लिखा है और वो भी औरतों के हाथ से।

बच्चा मेडीकल वाले से- अंकल, गोरा करने वाली कोई क्रीम है? मेडिकल वाला: हां है.. शरारती बच्चा: तो साले, लगाता क्यों नहीं? रोज तेरा मुंह देखकर डर जाता हूं!

## कहानी | एक लकड़ी का कटोरा

एक वृद्ध व्यक्ति जिसके हाथ कांपते थे और दिखाई भी कम देता था। अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। कभी मटर के दाने उसकी चम्मच से निकल कर फर्श पे बिखर जाते तो कभी हाथ से दूध छलक कर मेज पर गिर जाता। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे पर अब उन्हें अपने पिता के इस काम से चिढ़ होने लगी। लड़के ने कहा- हमें इनका कुछ करना पड़ेगा। बहु ने भी हां में हां मिलाई और बोली- आखिर कब तक हम इनकी वजह से अपने खाने का मजा किरकिरा करेंगे, अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। ताकि अब और बर्तन ना टूट-फूट सकें। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते और जब कभी-कभार उस बुजुर्ग की तरफ देखते तो उनकी आंखो में आंसू दिखाई देते। पर यह भी देखकर बहु-बेटे का मन नहीं पिघलता, वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखा- तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुन: अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आंखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं या उनकी प्लानिंग भी बन सकती है। सालों से चला आ रहा विवाद आज समाप्त हो सकता है। किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**तुला**
आज सतर्क प्रयासों की वजह से एक जटिल कार्य से संबंधित समस्या का व्यावहारिक समाधान विकसित हो रहा है। नये करियर में सोच-विचार करके निर्णय लेना उत्तम रहेगा।

**वृषभ**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होने का योग है। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जो भी काम शुरू करेंगे उसे कम समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेग।

**मिथुन**
आज आप दिन का कुछ समय गरीबों की सेवा में भी व्यतीत करेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति अवश्य मिलेगी। सामाजिक मेलजोल बढ़ाने से आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**धनु**
आज का दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा। आपके पास व दूर की यात्रा के प्रसंग प्रबल होंगे। बढ़ते हुए खर्चों के साथ आमदनी के स्रोतों को भी खोजना होगा।

**कर्क**
रोजमर्रा के कामों से फायदा मिल सकता है। प्रॉपर्टी से जुड़ा फायदा होने की संभावना है। नया घर खरीद सकते हैं। बच्चों से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में जान-पहचान के लोग मददगार रहेंगे। छोटे-मोटे सौदे आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं। आप व्यावहारिक रहेंगे और चतुरता से काम लेंगे।

**सिंह**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकलेगा जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आप सबकी नजरों में अच्छे बने रहेंगे।

**कुम्भ**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए दिन बढ़िया है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। सभी समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या**
यदि आपका अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को समस्या है तो आप अपने जीवन साथी के साथ खड़े नजर आएंगे। आज व्यवसाय में भी धन लाभ होगा।

**मीन**
आज का दिन आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कठिन से कठिन समस्या का समाधान खोजने में लगे रहेंगे, जो लोग रोजगार की दिशा में कार्यरत हैं।

बॉलीवुड सुर्खियां

# इस्राइल की निंदा करने पर आलोचना के शिकार हुए गीतकार जावेद अख्तर



मशहूर गीतकार जावेद अख्तर आए दिन किसी न किसी वजह से मीडिया की सुर्खियों में बने रहते हैं। वह न केवल अपने गानों के लिए बल्कि अपने विचारों को मुखरता से लोगों के सामने रखने के लिए मशहूर हैं। ज्यादातर हर मुद्दे पर अपनी राय देने वाले जावेद साहब इन दिनों इस्राइल के खिलाफ दिए गए अपने बयान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर गीतकार ने गाजा पर किए जा रहे हमलों को लेकर इस्राइल पर निशाना साधा था। लेकिन जावेद अख्तर का ऐसा करना सोशल मीडिया को अखरा और फिर जो हुआ उसने इंटरनेट को जंग के मैदान में बदल दिया। दरअसल, जावेद अख्तर और सोशल मीडिया यूजर के बीच तीखी बहस हुई। इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध ने पूरी दुनिया के देशों और लोगों को दो भागों में बांट दिया है। जहां कुछ लोग इस्राइल का समर्थन कर रहे हैं, वहीं बहुत से ऐसे हैं जो उसके द्वारा गाजा पर किए जा रहे हमले की निंदा भी कर रहे हैं। बॉलीवुड के मशहूर गीतकार जावेद अख्तर का नाम उन लोगों में शामिल है, जिन्हें इस्राइल द्वारा किए जा रहे हमले बिल्कुल भी रास नहीं आ रहे हैं। ऐसे में जावेद साहब ने बीते दिन इन हमलों पर अपनी राय साझा करते हुए इस्राइल को घेरा था। इस्राइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे एटैक्स को लेकर अपनी राय साझा करते हुए जावेद अख्तर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, तो अब इजराइल हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण देकर गाजा के असहाय नागरिकों पर अपनी अंधाधुंध बमबारी को सही ठहरा रहा है.. और तथाकथित सभ्य दुनिया सुन रही है। ये वही लोग हैं जो हमें मानवाधिकार सिखाते हैं। जहां जावेद साहब इस्राइल को घेरने की कोशिश कर रहे थे, वहीं एक एक्स यूजर ने उनके इस ट्वीट पर उन्हें ही घेर लिया था। लेकिन यूजर का ऐसा करना जावेद अख्तर को बिल्कुल भी पसंद नहीं आया और दोनों में तीखी बहस हुई। जावेद अख्तर के इस पोस्ट पर एक यूजर ने रिएक्ट करते हुए लिखा, वे निर्दोष नागरिक नहीं हैं जैसा कि दिखाया जा रहा है, तथ्य यह है कि वे खूनी आतंकवादियों से सहानुभूति रखते हैं और उन्हें आश्रय देते हैं। यूजर के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, गीतकार ने स्पष्ट किया, मैंने हमेशा सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की है। लेकिन आप मुझे नहीं समझेंगे अविनाश क्योंकि आप एक दयनीय व्यक्ति हैं जो कट्टर बनकर अपनी पहचान खोजने की कोशिश कर रहे हैं।

# फिर लोटपोट करने आया खिचड़ी-2

रोमांचक सुपरहिट टीवी शो खिचड़ी को दर्शकों का इतना प्यार मिला कि मेकर्स ने इसे कई अलग-अलग अंदाज में पर्दे पर पेश किया। बेइंतेहा लोकप्रियता को देखते हुए मेकर्स ने इस टीवी शो को फिल्म में तब्दील कर दिया। खिचड़ी फिल्म 2010 में रिलीज की गई थी, जो लोगों को खूब पसंद भी आई। 13 साल बाद मेकर्स ने खिचड़ी 2 के साथ एक बार फिर पारेख परिवार को पर्दे पर उतार दिया है। अब इस फिल्म का मजेदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म का पूरा टाइटल खिचड़ी 2-मिशन पंथुकिस्तान रखा गया है। इस बार पारेख परिवार को गुंडों का सामना करते हुए भी देखा जाएगा। इसके अलावा वह एक जबरदस्त बॉलीवुड डांस नंबर पर थिरकते हुए भी दिखेंगे। ट्रेलर ही कॉमेडी का शानदार तड़का लगा दिया गया है, जिसकी वजह से फिल्म के लिए बेसब्री दोगुना हो गई है।



## फिल्म में दिखेंगे कई कैमियो

खिचड़ी 2 में कई नए चेहरे देखने को मिल रहे हैं। वहीं, कई बड़ी-बड़ी हस्तियों को कैमियो रोल में भी देखा जा रहा है। खासतौर पर निर्माता और कोरियोग्राफर फराह खान ने सबका ध्यान खींचा है। उन्हें फिल्म में एक डॉन के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, कीर्ति कुल्हारी और स्कैम 1992 स्टार प्रतीक गांधी भी फिल्म में अहम किरदार निभाते हुए नजर आ रहे हैं।

## 2002 में आया था पहला प्रीमियर

बता दें कि खिचड़ी का पहला प्रीमियर 2002 में टीवी शो के रूप में किया गया था, जिसे दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। इसके बाद 2004 में इंस्टेंट खिचड़ी के नाम से इसका दूसरा सीजन आया। वहीं, शो की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने 2010 में फिल्म खिचड़ी पेश की और अब 13 साल बाद खिचड़ी 2-मिशन पंथुकिस्तान दर्शकों का दिल जीतने के लिए बिल्कुल तैयार है।

## 17 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

खिचड़ी 2-मिशन पंथुकिस्तान में एक बार फिर सुप्रिया पाठक कपूर हंसा के रूप में दिल जीत रही हैं। उनके अलावा वंदना पाठक (जयश्री), अनंग देसाई (बाबूजी), राजीव मेहता (प्रफुल) और जमनादास मजेठिया (हिमांशु) अपने-अपने किरदारों को संभालते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को 17 नवंबर को सिनेमाघरों में पेश किया जाने वाला है।

# ऑनलाइन डिलीवरी ठगी का शिकार हुई दीपिका



ससुराल सिमर का से अपनी पहचान बनाने वाली दीपिका कक्कड़ काफी लंबे से डेली शोप की दुनिया से दूर हैं। इस समय वह अपने बेबी बॉय संग एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस एक बच्चे की मां बन गई हैं और अपने फैंस संग काफी कनेक्ट रहती हैं। हाल ही में, दीपिका कक्कड़ ने अपने हालिया व्लॉग में अपने साथ हुए ऑनलाइन स्कैम का खुलासा किया है। दीपिका कक्कड़ का ब्लॉग अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। एक्ट्रेस फैंस से अपनी निजी जिंदगी के अपडेट शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में, एक्ट्रेस ने ऐसा खुलासा किया है, जिससे उनके फैंस भी काफी हैरान हो गए हैं। दीपिका ने बताया की उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है।

**ऑनलाइन डिलीवरी स्कैम-** अभिनेत्री ने अपने हालिया व्लॉग में बताया कि उनके साथ ऑनलाइन डिलीवरी को लेकर स्कैम हुआ है। उन्होंने अपने फॉलोअर्स को ऐसे स्कैम से बचने की टिप्स दी है। दीपिका ने बताया कि उनके घर पर एक पार्सल आया था, जिसे उन्होंने ले लिया था और उसकी कैश पेमेंट भी कर दी थी, लेकिन बाद में पता चला कि वह पार्सल उनका नहीं था।

**लगातार आ रहे थे पार्सल-** दीपिका ने कहा कि इस पार्सल के आने के बाद उनके पास लगातार ऐसे कई और पार्सल आने लगे थे। लगभग 3-4 दिन पहले, मेरे घर पर एक पार्सल आया था कि मैम आपका कैश ऑन डिलीवरी है। मैं काफी शॉपिंग करती रहती हूं। लेकिन स्कैम पता लगने के बाद उन्होंने पार्सल लेने बंद कर दिए थे, जिसके बाद उनसे कैंसिल ओटीपी को कहा जाने लगा। लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।

अजब-गजब

शायद ही पता होगा इसका मतलब आपको...

# हवन में आहुति डालते वक्त क्यों बोलते हैं स्वाहा



हमारे आसपास बहुत से ऐसे शब्द बोले जाते हैं, जिन्हें इस्तेमाल तो रोज़ाना ही किया जाता है लेकिन कभी ठहरकर उसके बारे में सोचा नहीं है। खासतौर पर अगर धर्म और पूजा से जुड़े शब्दों की बात करें तो लोग जैसा पंडित जी बोलते हैं, वैसा ही दोहराते जाते हैं। कभी इसका मतलब जानने की कोशिश नहीं की जाती है। आज हम आपको एक ऐसे ही शब्द के बारे में बताएंगे।

आपने देखा होगा कि जब भी हवन में आहुति डाली जाती है, तो हर बार पंडित जी स्वाहा बोलने के लिए कहते हैं। क्या आपने सोचा है कि आखिर इस शब्द का मतलब क्या होता है, जो इसी का इस्तेमाल किया जाता है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कोरा पर लोगों ने इस सवाल का जवाब जानना चाहा तो सबने अलग-अलग वजह बताई। चलिए अजब-गजब नॉलेज सीरीज़ में जानते हैं इसी शब्द के बारे में।

जो जवाब यूज़र्स ने दिए उसके मुताबिक स्वाहा का तात्पर्य है देवों का आह्वान करना। साधारण भाषा में समझें तो यज्ञ की अग्नि में डाली जाने वाली आहुति को देवताओं तक पहुंचाने के लिए 'स्वाहा' शब्द बोलकर उन्हें निमंत्रण दिया जाता है। स्वाहा को देवों को हवि प्रदान करने का मंत्र माना जाता है। कहते हैं कि स्वाहा जोड़कर हवि देने से देवताओं को हवि प्राप्त होती है। इतना ही नहीं अगर मान्यताओं की बात करें तो स्वाहा को अग्नि की शक्ति माना जाता है। ये अग्निभार्या यानि अग्निदेव की पत्नी मानी जाती हैं और जो भी चीज़ें अग्नि में डाली जाती हैं, वो इन्हीं से होते हुए देवों तक पहुंचती हैं।

स्वाहा को कुछ जगहों पर प्रजापति दक्ष की पुत्री भी माना गया है। अगर सामान्य तौर पर देखें तो स्वाहा का अर्थ विन्यास करने पर पता चलता है कि ये स्व अर्थात अपना और हा अर्थात त्याग से बना है। अपने अहंकार या धन का त्याग करना भी स्वाहा का अर्थ हो सकता है। एक प्रकार की समर्पण की भावना को दिखाने के लिए स्वाहा शब्द का प्रयोग अग्नि में कुछ भी डालने के वक्त किया जाता है।

# आखिर कैसे बनाया जाता है काला नमक? शायद ही जानते होंगे आप



खाने में नमक का अपना ही एक महत्व है। अगर आपने खाना बेहद मेहनत से बनाया है और उसमें नमक ना डालें, तो उस खाने में कोई टेस्ट नहीं आएगा। नमक का काम होता है खाने के टेस्ट को एक जगह बाइंड करना। बिना नमक का खाना टेस्टलेस होता है। भले ही आपने खाने में कितना ही मसाला मिलाया हो, लहसुन-अदरक का पेस्ट मिलाया हो लेकिन बिना नमक के उसमें कोई स्वाद नहीं आएगा। आपने नमक बनते तो कई बार देखा होगा लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर काला नमक कैसे बनाया जाता है? मार्केट में अब कई तरह के नमक मिल जाते हैं। व्हाइट सॉल्ट से लेकर पिंक, हिमालयन सॉल्ट भी अवेलेबल हैं। लेकिन सालों से हम सलाद या फ्रूट्स में डालकर काला नमक खाते हैं। हालांकि, बेहद कम लोगों को ही इस बात की जानकारी है कि आखिर ये काला नमक बनाया कैसे जाता है। स्वाद में तो ये बेहतरीन होता है लेकिन इसे बनाने की प्रोसेस काफी लम्बी, खतरनाक और रिस्की है। 24 घंटे की मेहनत के बाद मजदूर काला नमक तैयार करते हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें काला नमक बनाने की प्रक्रिया दिखाई गई। इसे देखने के बाद लोगों ने लिखा कि उन्हें आजतक पता ही नहीं था कि काला नमक ऐसे तैयार किया जाता है। नॉर्मल सॉल्ट को भट्टी में 24 घंटे तक जलाया जाता है। इस दौरान उनका तापमान इतना ज्यादा होता है कि अगर इंसान इसे छू भी ले तो उसका अंजाम काफी गंभीर होगा। 24 घंटे भट्टी में तपने के बाद इन सॉल्ट को बाहर निकाला जाता है। ब्लैक सॉल्ट के बनाए जाने का वीडियो जब सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, तो लोग हैरान हो गए। भले ही इसे बनाने में काफी मेहनत है और ये काफी रिस्की काम है, लेकिन इसे बेहद अनहाइजेनिक तरीके से बनाया जाता है। जिस फैक्ट्री में इसे बनाया गया, वहां 24 घंटे आग लगाए रखने के लिए टायर तक जलाते देखा गया। इसका धुआं इंसानों के लिए बिलकुल भी सेफ नहीं है। लोगों ने वीडियो देखने के बाद लिखा कि इस नमक को खाना किसे सेफ लगता है? कई ने इसे आगे से ना खाने की भी कसम खाई।

# मप्र सरकार की गलत नीतियों से करोड़ों हुए बेरोजगार : कमलनाथ

**50** प्रतिशत कमीशन देने के बाद ही कल्याणकारी योजनाओं का राज्य में मिलता है लाभ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा व कांग्रेस के बीच वार पलटवार जारी है। सागर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में एक करोड़ से अधिक युवा बेरोजगार हैं। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि लोगों को 50 प्रतिशत कमीशन देने के बाद ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता है, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने युवाओं, किसानों और समाज के अन्य वर्गों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

सागर जिले के खुरई शहर में रैली में कमलनाथ ने आरोप लगाया कि राज्य में लोगों को (कल्याण) योजनाओं का लाभ 50 प्रतिशत 'कमीशन देने के बाद ही मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण मध्य प्रदेश में एक करोड़ युवा बेरोजगार रह गये हैं। मध्य प्रदेश के शहरी प्रशासन एवं विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह बुंदेलखंड क्षेत्र के खुरई से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर कांग्रेस उम्मीदवार रक्षा राजपूत के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

कमलनाथ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के भविष्य पर ताला लगा दिया है और यह ताला तभी खुलता है जब आप अधिकारियों को 50 प्रतिशत कमीशन देते हैं।



## बच्चों के भविष्य पर लगा दिया ताला

कांग्रेस नेता ने शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला करते हुए कहा, उन्होंने किसानों की आय, कर्मचारियों की पेंशन और बच्चों की स्कूल यूनिफॉर्म पर ताला लगा दिया है। कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में मेट्रो रेल लाने का श्रेय लेने के लिए चौहान की आलोचना की और कहा कि यह उनकी (कमलनाथ की) सरकार थी (दिसंबर 2018-मार्च 2020) जिसने इस परियोजना को मंजूरी दी थी। लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए, कमलनाथ ने इस अवसर पर कई वादों की घोषणा की। इसमें चुनाव के बाद उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर कृषि ऋण माफी, धान के लिए 2,500 रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं के लिए 2,600 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देना शामिल है।

## बुंदेलखंड को राहुल गांधी की पहल पर मिला था पैकेज

क्षेत्र के पिछड़ेपन का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने लोगों को याद दिलाया कि बुंदेलखंड के विकास के लिए 8,000 करोड़ रुपये के पैकेज को 2009 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पहल पर केंद्र की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने मंजूरी दी थी।. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर यह 50 प्रतिशत कमीशन सरकार सत्ता में नहीं होती, तो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैले बुंदेलखंड के लोगों को वित्तीय सहायता का पूरा लाभ मिलता।

## कमलनाथ मॉडल 'भ्रष्टाचार, अपराध और कमीशन' का है : शिवराज सिंह चौहान



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के शासन मॉडल में भ्रष्टाचार, अपराध और कमीशन शामिल है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे, जबकि नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। चौहान ने टीकमगढ़ जिले की पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, वह कहते रहे हैं कि कमलनाथ मॉडल आएगा (यदि कांग्रेस चुनाव जीतती है और सरकार बनाती है)। यह कमलनाथ मॉडल क्या है? यह भ्रष्टाचार, अपराध और कमीशन का एक मॉडल है। चौहान ने दावा किया कि अगर कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो उनकी सरकार की प्रमुख लाडली बहना योजना अस्तित्व में नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत महिला लाभार्थियों को हर महीने एक निश्चित राशि मिलती है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार ने दिसंबर 2018 से मार्च 2020 तक अपने कार्यकाल के दौरान बैगा, भारिया और सहरिया आदिवासियों को 1,000 रुपये की मासिक सहायता सहित कल्याणकारी योजनाओं को बंद करके पाप किया था।

## भाजपा-कांग्रेस में छिड़ा वीडियो वॉर

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्म के किरदार भी देखने को मिल रहे हैं। भारतीय सिनेमा की सुप्रसिद्ध फिल्म शोले के जय वीरू बसंती से लेकर बच्चों के सुपरहीरो सुपरमैन के एनीमेटेड वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। इनमें बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता दिखाई देते हैं। एनिमेटेड वीडियो बनाकर राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर निशाना साध रही हैं। हालांकि कोई भी सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले इन वीडियो की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। लेकिन फ्लोट होते इन वीडियो ने प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव के रोमांच को जरूर बढ़ा दिया है। आम मतदाता बड़े शौक से न सिर्फ इन वीडियो का लुत्फ़ उठा रहा है बल्कि इन्हें तेजी से फॉरवर्ड भी कर रहा है।

**जय वीरू के सामने सुपरमैन**

## सुपरमैन बने कमलनाथ

कांग्रेस ने कमलनाथ को सुपरमैन बनाकर प्रस्तुत किया है। कांग्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है इसमें कमलनाथ हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन के किरदार में है। इसके साथ ही कमलनाथ का एक एनिमेटेड वीडियो और सामने आया है। इसमें वे खेल मैदान में अमित शाह, शिवराज सिंह और नरोत्तम मिश्रा को रेस में पछाड़ते दिखाई दे रहे हैं।

# कांग्रेस को वोट देना अराजकता की गारंटी : रामा राव

**बीआरएस ने राहुल गांधी पर साधा निशाना**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। तेलंगान में कांग्रेस व बीआरएस में तू-तू मै-मै जारी है। केसीआर ने साफ तौर पर कहा कि यदि आप कांग्रेस को वोट देते हैं, तो अराजकता की गारंटी है, 6 महीने में सीएम बदलना गारंटी है, बिजली संकट की गारंटी है और सांप्रदायिक सद्भाव की विफलता की गारंटी है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी पर भी प्रहार किया।



तेलंगाना चुनाव में कांग्रेस अपनी पूरी ताकत लगा रही है। पार्टी की ओर से छह गारंटियों का ऐलान किया गया है। इसको लेकर तेलंगाना मंत्री और बीआरएस नेता केटी रामा राव ने कांग्रेस पर तगड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी की अपनी कोई गारंटी नहीं, जहां 11 लोग सीएम पद के उम्मीदवार हों और जहां इसकी कोई गारंटी नहीं कि कौन सीएम बनेगा या वादे पूरे करेगा, ऐसी पार्टी की गारंटी की बात कौन करेगा, जिस पार्टी की वारंटी खत्म हो गई हो। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया आज तक सीएम पद के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक चीज की गारंटी देती है- अराजकता। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी पर भी प्रहार किया।

# केंद्र सरकार ने भेजा एप्पल को नोटिस

**मंत्री बोले- साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने शुरू की जांच**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। देश के विपक्षी सांसदों के आईफोन पर भेजे गए एपल अलर्ट के मामले पर कंपनी ने जांच के बाद मजबूती से अपने पक्ष पर खड़े रहने की बात कही है। एप्पल ने केंद्र सरकार की तरफ से भेजे गये नोटिस पर कहा, हम बाहर से एक्सपर्ट बुलाकर पूरे मामले की जांच करेंगे और उसके बाद जो भी रिजल्ट आएगा हम उसके बारे में पूरी जानकारी देंगे।

केंद्र सरकार ने विपक्षी सांसदों को सरकार द्वारा प्रायोजित संभावित जासूसी मामलों का एप्पल की तरफ से अलर्ट मिलने की घटना के बाद पूरे मामले की जांच के आदेश दिए, सरकार ने कहा, विपक्षी दलों के सांसदों ने एप्पल की ओर से भेजे गए चेतावनी संदेश का जो मुद्दा उठाया था उसकी जांच सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में कंपनी को नोटिस भी भेजा गया है।



एपल कंपनी के जिम्मेदारों की बात करें तो आधिकारिक रूप से उन्होंने कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि कंपनी के सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कहा है कि एक सूत्र ने कहा, हम पूरी स्थिति का आकलन कर रहे हैं और मामले की गंभीरता को देखते हुए वह अपने मुख्यालय के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी, तो हम उन टीमों को शामिल करेंगे जिनको गोपनीयता और डिवाइस का काम सौंपा गया है ताकि बड़े स्तर पर पताया लगाया जा सके कि आखिर यहां पर क्या हो रहा है।

**मामले को गंभीरता से ले रहे : एप्पल**

# विश्वकप : मोहम्मद शमी के पंजे में आए श्रीलंकाई चीते

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वर्ल्ड कप 2023 में अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर कहर मचा रहे हैं। श्रीलंकाई टीम के खिलाफ मैच में उन्होंने 5 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 5 विकेट झटके और अपनी गेंदबाजी के दम पर भारत को जीत दिलाई। 5 विकेट लेने के बाद वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में छठे पायदान पर पहुंच गए। वहीं मैच के बाद उन्होंने ऐसा जश्न बनाया जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। किसी को भी समझ नहीं आया कि शमी किसकी ओर इशारा कर रहे हैं।


**302 रनों से भारत ने श्रीलंका को रौंदा**




बता दें कि 5 विकेट लेने के बाद शमी ने गेंद को अपने सिर पर लगाते हुए ड्रेसिंग रूम में इशारा किया था, लेकिन किसी को समझ नहीं आया था ये जेस्चर किसके लिए और क्यों किया था। हालांकि, मैच के बाद सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने इसका खुलासा कर दिया है।

दरअसल, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को विश्व कप 2023 के शुरुआती मैचों में प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं बनाया गया था, लेकिन जैसे ही हार्दिक पांड्या चोटिल हुए तो उनकी प्लेइंग 11 में एंट्री हो गई और एंट्री करते ही उन्होंने अपनी काबिलियत का नजारा पेश कर दिया। श्रीलंका के खिलाफ मैच में 5 विकेट लेते ही कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए। मोहम्मद शमी विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने अब तक 45 विकेट ले लिए हैं। उन्होंने इस दौरान पूर्व दिग्गज जहीर खान (44) और जवागल श्रीनाथ (44) विकेट का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। इसके साथ ही शमी भारत के लिए सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने चार बार यह कमाल किया।

वहीं, जवागल और हरभजन सिंह ने 3-3 बार ऐसा किया। साथ ही विश्व कप में तीन बार 5 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी इकलौते भारतीय हैं।



# बहुत जरूरी हो तभी टालें सुनवाई : चंद्रचूड़

## » सीजेआई बोले- अदालतें तारीख पे तारीख कोर्ट बनकर न रह जाएं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने मुकदमों की सुनवाई टाले जाने को लेकर चिंता व्यक्त की है, उन्होंने इस दौरान हिंदी फिल्म दामिनी के उस डॉयलोग की भी याद दिलाई जिसमें कोर्ट द्वारा बार बार तारीख दिए जाने की बात कही गई है। सीजेआई ने कहा कि हम ये नहीं चाहते कि ये अदालत तारीख पे तारीख कोर्ट बनकर रह जाए। सीजेआई ने वकीलों से कहा है कि जब जरूरी हो तो ही सुनवाई टालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ डेटा जुटाए हैं, इनके मुताबिक अगर सिर्फ आज की बात करें तो अभी तक 178 मुकदमों की सुनवाई को टालने की मांग की गई है, जबकि इसी साल सितंबर और अक्टूबर में कुल 3688 मामलों की सुनवाई टालने की मांग की गई थी।



सीजआई ने कहा कि मामलों को टालने की मांग से शीघ्र सुनवाई करने का उद्देश्य ही विफल हो जाता है, मैं आपको बता दूं कि ये चलन हाईकोर्ट में नहीं है, अगर सिर्फ सुनवाई को टाला जाएगा तो इससे हमारे न्यायलय पर से भी नागरिकों का भरोसा टूटेगा। मैं बार के सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि जब तक वास्तव में आवश्यक न हो, सुनवाई टालने की मांग न करे। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब सीजेआई ने इस तरह की कोई टिप्पणी की हो। कुछ समय पहले ही सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने एक वकील को कड़ी फटकार लगाई. ष्टछ्व डी वाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट रूम में एक वकील के मोबाइल फोन पर बात करने पर कड़ी आपत्ति जताई। दरअसल, सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ एक मामले की सुनवाई कर रही थी।


## सुनवाई टालने की मांग करना ही गलत

सीजेआई ने वकीलों से आगे कहा कि सितंबर में 2361 मुकदमों में आगे की तारीख मांगी गई। अगर मैं आपको बताऊं तो हर दिन औसतन 59 मामले ऐसे आ रहे हैं। एक ओर मामलों को त्वरित आधार पर सूचीबद्ध किया जाता है। दूसरी ओर, उन पर जल्द सुनवाई की मांग की जाती है, फिर उन्हें सूचीबद्ध किया जाता है और फिर उन्हें टाल दिया जाता है। मैं बार के सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि जब तक वास्तव में आवश्यक न हो, सुनवाई टालने की मांग न करें, अगर ऐसा ही होता रहा तो ये यह तारीख पे तारीख कोर्ट नहीं बन सकता. इससे हमारे न्यायालय पर नागरिकों का भरोसा टूट जाएगा।

# 'माई लॉर्ड' कहना बंद करें वकील : जस्टिस नरसिम्हा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले: केवल सर से करें संबोधन**



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के एक जज ने न्यायिक कार्यवाही के दौरान वकीलों द्वारा बार-बार 'माई लॉर्ड और 'योर लॉर्डशिप्स कहे जाने पर नाखुशी जताई है। जस्टिस एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ में शामिल न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने एक नियमित मामले की सुनवाई के दौरान एक सीनियर वकील से कहा, ''आप कितनी बार माई लॉर्ड्स कहेंगे? यदि आप यह कहना बंद कर देंगे, तो मैं आपको अपनी आधी सैलरी दे दूंगा। कोर्ट में बहस के दौरान वकील से जज को हमेशा 'माई लॉर्ड या 'योर लॉर्डशिप कहकर संबोधित करते हैं, इस प्रैक्टिस का विरोध करने वाले अक्सर इसे औपनिवेशिक युग का अवशेष और गुलामी की निशानी कहते हैं। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, आप इसके बजाय सर का उपयोग क्यों नहीं करते? उन्होंने कहा कि अन्यथा वह गिनना शुरू कर देंगे कि वकील ने कितनी बार 'माई लॉर्ड्स शब्द का उच्चारण किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने 2006 में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें निर्णय लिया गया था कि कोई भी वकील , जज को 'माई लॉर्ड और 'योर लॉर्डशिप कहकर संबोधित नहीं करेगा, लेकिन प्रैक्टिस में इसका पालन नहीं किया जा सका।

# राघव रास सभापति से बिना शर्त माफी मांगे : सुप्रीम कोर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**सांसद को शीर्ष अदालत ने दी सलाह**



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित आप सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा सभापति से मिलने और कथित आचरण के लिए माफी मांगने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आप नेता राघव चड्ढा को सदन से अपने निलंबन के मद्देनजर राज्यसभा अध्यक्ष से मिलने और बिना शर्त माफी मांगने का सुझाव दिया।

यह आरोप लगाया गया था कि पंजाब से राज्यसभा सांसद ने दिल्ली सेवा विधेयक को चयन समिति को सौंपने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था। सुप्रीम कोर्ट ने चड्ढा के वकील के बयान भी दर्ज किए थे कि सांसद का उस सदन की गरिमा को प्रभावित करने का कोई इरादा नहीं है जिसके वह सदस्य हैं। एक सदस्य और वह राज्यसभा सभापति से मिलने का समय मांगेंगे ताकि वह बिना शर्त माफी मांग सकें।

न्यायालय ने यह भी कहा कि सदन के तथ्यों और परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में सभापति द्वारा माफी पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा सकता।

# बिग बास विनर एल्विश पर एफआईआर दर्ज

## पार्टियों में सांप के जहर की करता था सप्लाई, कोबरा भी बरामद, पांच अरेस्ट, एल्विश ने आरोपों को नकारा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नोएडा। बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। एल्विश के खिलाफ नोएडा में एफआईआर दर्ज की गई है। बिग बॉस ओटीटी के विनर पर क्लबों और पार्टियों में सांपो की बाइट प्रोवाइड कराने समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं। नोएडा के सेक्टर 49 में पीएफए की टीम ने पार्टी में रेड डालकर कोबरा सांप और सांपो का जहर बरामद किया है, इस पार्टी में पांच लोग भी अरेस्ट किए गए हैं।

हालांकि एल्विश ने कहा कि मेरे ऊपर लेग आरोप बेबुनियाद हैं। पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआई आर में मुख्य अभियुक्त बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता एलवीश यादव हैं। एलवीश यादव पर आरोप है कि वे नोएडा और एनसीआर में सांपो की बाइट वाली हाई प्रोफाइल पार्टियां ऑर्गनाइज कराते थे, नोएडा के सेक्टर 49 थाने में एल्विश समेत 5 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



### मेनका गांधी के संगठन ने करवाई कार्यवाही

मेनका गांधी से जुड़ी ऑर्गेनाइजेशन पीएफए को सूचना मिली थी कि एल्विश यादव जिंदा सांपों के साथ एनसीआर के फार्म हाउस की रेव पार्टियों में वीडियो शूट कराता है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को इस बारे में सूचना दी और एल्विश यादव को मुख्य आरोपी बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक मुखबिर ने एल्विश से इस बारे में कॉन्टेक्ट किया। बिग बॉस ओटीटी 2 विनर ने अपने एजेंट राहुल का नंबर दिया. इसके बाद मुखबिर ने राहुल से कॉन्टेक्ट किया और पार्टी ऑर्गेनाइजकरने के लिए कहा।



# स्वाद और तकनीकी के फ्यूजन से मिलेगी नई इकोनॉमी को गति : मोदी

**वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम का पीएम ने किया उद्घाटन**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 1 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) सदस्यों को 380 करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी सहायता के वितरण की प्रक्रिया शुरू की।**

वर्ल्ड फूड इंडिया के उद्घाटन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, स्वाद और तकनीक का ये फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देगा, एक नई इकोनॉमी को गति प्रदान करेगा। आज की बदलती हुई दुनिया में 21वीं सदी की सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक फ़ूड सिक्योरिटी भी है, इसलिए वर्ल्ड फूड इंडिया का ये आयोजन और भी अहम हो गया है। पिछले नौ वर्षों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के निर्यात में 150प्रतिशत की वृद्धि की हे।



मोदी ने कहा, आज हमारा कृषि-निर्यात विश्व स्तर पर 7वें स्थान पर पहुंच गया है, खाद्य क्षेत्र में, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें भारत ने प्रगति न की हो, यह विकास तीव्र लग सकता है, लेकिन यह निरंतर और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। पीएम ने अपने संबोधन में फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान तथा भोजन की बर्बादी को कम करने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल के दौरान, भारत ने पहली बार कृषि क्षेत्र में निर्यात नीति लागू किया है. हमने पूरे भारत में लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे का एक नेटवर्क स्थापित किया है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020** *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।